गेल (इंडिया) लिमिटेड
*(भारत सरकार का उपक्रम)*
गेल भवन, 16, भीकाएजी कामा प्लेस,
नई दिल्ली - 110 066. फो.: 011-26172580
ईमेल: career@gail.co.in
निगमित पहचान संख्या: L40200DL1984GOI018976

# कार्यपालक प्रशिक्षु के रूप में कैरियर के अवसर – 2021

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**, सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न तथा भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जो प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रोसेसिंग, संचरण, वितरण एवं विपणन सहित) के समस्त पहलुओं तथा इससे संबंधित सेवाओं को एकीकृत कर रही है । गेल तेज़ी से बदलते व्यापारिक परिवेश में स्वच्छ ईंधन द्वारा औद्योगीकरण के नए युग के प्रवर्तक और एक स्वच्छ ऊर्जा कॉरिडोर चतुर्भुज के सृजक हैं जो भारत के बड़े उपभोक्ता केंद्रों को प्रमुख गैस क्षेत्रों, एलएनजी टर्मिनलों तथा सीमापारीय अन्य गैस स्रोतों से जोड़ता है । गेल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी अजेय उपस्थिति के लिए अपने कारोबार में विस्तार भी कर रहा है ।

**गेल गेट (GATE)-2021 के स्कोर के माध्यम से समर्पित, उत्साही एवं कर्मठ युवा स्नातक इंजीनियरों को तालिका-1 में दिए गए विवरणानुसार निम्नलिखित पदों के सामने दर्शायी गई श्रेणी के अनुसार रिक्तियों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है :**

**तालिका-1**

| # | पद | ग्रेड | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | अ.जा. | अ.ज.जा. | ओबीसी (एनसीएल) | कुल | निम्नवर्णित श्रेणियों में पीडब्ल्यूबीडी द्वारा धारण योग्य चिह्नित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यपालक प्रशिक्षु (केमिकल) | E-2 | 8 | 1 | 1 | - | 3 | **13** | ओएच (ओए, ओएल) |
| 2 | कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन)* | E-2 | 5 | 1 | 2 | 2 | 2 | **12** | एचएर्च, ओएच (ओएल) |
| | कुल | | **13** | **2** | **3** | **2** | **5** | **25** | |

*कार्यकारी प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) की 01 रिक्ति **मल्टीपल डिसेबिलिटी** [एचएच और ओएच (ओएल) श्रेणी के बीच] के लिए आरक्षित है।

## प्रयुक्त संक्षिप्तियां

**पीडब्ल्यूबीडी :** बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (Persons with Benchmark Disability)
**एचएच :** अल्प बधिर (Hearing Impaired)
**ओएच :** अस्थिदोष दिव्यांग (Orthopaedically Impaired)
**ओए :** एक हाथ (One Arm)
**ओएल :** एक पैर (One Leg)

चिह्नित पद (जैसा कि उपर्युक्त तालिका-1 में इंगित है) हेतु संबंधित श्रेणी(श्रेणियों) के बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं भले ही उनके लिए कोई रिक्ति विशेष रूप से आरक्षित नहीं हो। ऐसे अभ्यर्थियों को सामान्य मेरिट मानदंड के आधार पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए विचार किया जाएगा ।

पीडब्ल्यूबीडी की संबंधित श्रेणी के अभ्यर्थी, जो विशेष रूप से उनके लिए आरक्षित पद हेतु आवेदन करते हैं, को आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा, यदि उनकी संबंधित अक्षमता 40% से अधिक है।

1. <u>कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए न्यूनतम अनिवार्य योग्यता का विवरण तालिका-2 में नीचे दिया गया है :</u>

**<u>तालिका-2</u>**

| # | पद/क्षेत्र | अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|
| **1** | **कार्यपालक प्रशिक्षु (केमिकल)** | केमिकल / पेट्रोकेमिकल / केमिकल टेकनोलॉजी / पेट्रोकेमिकल टेकनोलॉजी में न्यूनतम 65% अंकों के साथ इंजीनीयरिंग/ प्रौद्योगिकी में स्नातक। |
| **2** | **कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन)** | इंस्ट्रूमेंटेशन/ इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में न्यूनतम 65% अंकों के साथ इंजीनीयरिंग/प्रौद्योगिकी में स्नातक। |

2. **<u>शैक्षिक योग्यता में अंकों के न्यूनतम प्रतिशत में छूट:</u>**

अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के संबंध में अनिवार्य योग्यता में न्यूनतम प्रतिशत अंकों में छूट निम्नानुसार प्रदान की जाएगी -

- जहाँ-कहीं भी न्यूनतम प्रतिशत अंकों को **65%** के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, **वहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए शैक्षणिक योग्यता में न्यूनतम अंकों की छूट 60% है।**

अनारक्षित पदों के खिलाफ आवेदन करने वाले **अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी** श्रेणी के उम्मीदवारों को योग्यता के सामान्य मानक के तहत माना जाएगा और शिक्षा योग्यता में न्यूनतम योग्यता प्रतिशत अंकों में उन्हें कोई छूट उपलब्ध नहीं होगी।

3. <u>अनिवार्य योग्यता के संबंध में नियम और शर्तें</u> [*जैसा तालिका-2 के संबंधित कॉलम में उल्लेख किया गया है*]

3.1 प्रत्येक पद हेतु अनिवार्य न्यूनतम शैक्षिक योग्यता उपर्युक्त तालिका-2 में उल्लिखित के अनुसार होगी।

3.2 केवल पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम पर ही विचार किया जाएगा ।

3.3 सभी योग्यता(एं) अनिवार्यत: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयों/ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यताप्राप्त भारतीय डीम्ड विश्वविद्यालयों या एआईसीटीई अनुमोदित स्वायत्तशासी भारतीय संस्थानों के पाठ्यक्रम/ संबंधित सांविधिक काउंसिल (जहां भी लागू हों ) से प्राप्त होनी चाहिए ।

3.4 निर्दिष्ट अनिवार्य योग्यता(ओं) में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत संस्थान/विश्वविद्यालय के नियम/मानदंडों के अनुसार मान्य होगा।

3.5 जहां भी डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई या लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, वहां विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनायी गई पद्धति के अनुसार आवेदन पत्र में समकक्ष प्रतिशत अंक दर्शाये जाने चाहिए । अभ्यर्थी को संस्थान/विश्वव्यिालय से इससे संबंधित प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा जिसकी समूह चर्चा/साक्षात्कार के समय आवश्यकता होगी।

3.6 बीई/बी टेक/बी एससी. इंजीनियरिंग को इंजीनियरिंग डिग्री माना जा सकता है ।

3.7 जिन अभ्यर्थियों के पास संबंधित क्षेत्र की 05 वर्षीय बीई/बीटेक + एम.ई. /एम. टेक की इंजीनियरिंग में एकीकृत दोहरी डिग्री है उन पर भी विचार किया जाएगा ।

3.8 जो अभ्यर्थी वर्ष **2020** में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग में 5 वर्षीय बीई/बी टेक + एमई / एम टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) पूरी कर ली है / जो अभ्यर्थी वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग में 5 वर्षीय बीई/बी टेक + एमई / एम टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) पाठ्यक्रम (**2020-21**) में अंतिम वर्ष में हैं, वे ई-2 ग्रेड में केमिकल एवं इन्स्ट्रुमेंटेशन में कार्यपालक प्रशिक्षु के पद हेतु आवेदन करने के लिए पात्र हैं ।

3.9 जिन अभ्यर्थियों ने अपनी इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग में 5 वर्षीय बीई/बी टेक + एमई / एम टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) वर्ष **2020** में पूर्ण कर ली है तथा वे सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित हैं, उन्हें न्यूनतम 65% अंक अवश्य प्राप्त हुए होने चाहिए तथा अजा/अजजा/पीडबल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को न्यूनतम 60% अंक अवश्य प्राप्त ने चाहिए ।

3.10 जो अभ्यर्थी वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग में 5 वर्षीय बीई/बी टेक + एमई / एम टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) पाठ्यक्रम (**2020-21**) के अंतिम वर्ष में हैं तथा वे सामान्य/ईडब्ल्यएस/ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित हैं, उन्हें आवेदन करते समय अंतिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा तक न्यूनतम 65% अंक अवश्य प्राप्त होने चाहिए तथा अजा/अजजा/पीडबल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी को आवेदन करते समय अंतिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा तक न्यूनतम 60% अंक अवश्य प्राप्त होने चाहिए ।

3.11 जो अभ्यर्थी वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग डिग्री पाठ्यक्रम (इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में 5 वर्षीय बीई/बी टेक + एमई / एम टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) में अंतिम वर्ष (**2020-21**) में हैं, उनका चयन, उनके सामान्य/ईडब्ल्यएस/ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के होने के मामले में इंजीनियरिंग डिग्री में न्यूनतम **65%** अंक तथा अजा/अजजा/पीडबल्यूबीडी श्रेणी के होने के मामले में न्यूनतम **60%** अंक प्राप्त होने तथा **31 अगस्त, 2021** तक उपर्युक्त निर्दिष्ट अंकों के प्रतिशत के साथ संबंधित विषय / वर्ग में अर्हक इंजीनियरिंग डिग्री परीक्षा उत्तीर्ण होने के दस्तावेजी प्रमाण के रूप में

इंजीनियरिंग डिग्री प्रमाणपत्र (कम से कम अनंतिम प्रमाणपत्र) तथा सभी सेमेस्टर/वर्ष के अंक पत्र प्रस्तुत करने के अधीन होगा।

3.12 जिन अभ्यर्थियों ने संबंधित विषय / वर्ग में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में 5 वर्षीय बीई/बी टेक + एमई / एम टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) **वर्ष 2019 में अथवा उससे पहले उत्तीर्ण कर ली है,** वे ई-2 ग्रेड में केमिकल एवं इन्स्ट्रुमेंटेशन में कार्यापालक प्रशिक्षु के पद हेतु आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं।

4. <u>शैक्षिक योग्यता हेतु अंकों के न्यूनतम प्रतिशत में प्रदत्त शिथिलता (छूट)</u>:

अ.जा., अ.ज.जाति एवं पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य योग्यता हेतु न्यूनतम प्रतिशत में निम्नानुसार छूट दी गई है-

जहां-कहीं भी अंकों का न्यूनतम अर्हता अंक प्रतिशत 65% विनिर्दिष्ट है वहां **अनु. जाति, अनु.ज.जाति एवं पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता का शिथिलीकृत प्रतिशत 60%** होगा।

यदि अ.जा/अ.ज.जाति/पीडब्ल्यूबीडी के आवेदक अनारक्षित चिन्हित पद हेतु आवेदन करते हैं तो उन्हें योग्यता के सामान्य मानकों के अंतर्गत रखा जाएगा एवं शैक्षिक योग्यता में अंकों के न्यूनतम अर्हक प्रतिशत में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

5. <u>ऊपरी आयु सीमा एवं आयु में छूट</u>:

4.1. सभी क्षेत्रों में कार्यपालक प्रशिक्षु हेतु अधिकतम आयु सीमा दिनांक **16.03.2021 के अनुसार 26 वर्ष** होगी।

4.2. आयु सीमा में अ.जाति/अनु.ज.जाति के अभ्यर्थियों को 5 वर्ष की, ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को 03 वर्ष की छूट दी जाएगी। पीडब्ल्यूबीडी-सामान्य अभ्यथियों को 10 वर्ष की, पीडब्ल्यूबीडी-ओबीसी (एनसीएल) अभ्यर्थियों को 13 वर्ष की एवं पीडब्ल्यूबीडी-अनु. जाति/अनु.ज.जाति हेतु 15 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। ऊपरी आयु सीमा में दी गई यह छूट केवल उन्हीं पदों के लिए लागू होगी जो अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी (एनसीएल) के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित हैं। यदि अ.जा/अ.ज.जाति/पीडब्ल्यूडी के अभ्यर्थी अनारक्षित चिन्हित पद हेतु आवेदन करते हैं तो उन्हें योग्यता के सामान्य मानकों के अंतर्गत रखा जाएगा एवं उन्हें ऊपरी आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी। पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी चाहे पद आरक्षित है या नहीं बशर्ते पद पीडल्यूबीडी अभ्यर्थियों हेतु उपर्युक्त के रूप में चिन्हित किया गया हो। दिनांक 1.1.1980 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी अभ्यर्थियों के लिए भी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

4.3. भूतपूर्व सैनिकों के मामले में, जिन्होंने संघ की सशस्त्र सैन्य बलों में छः माह या उससे अधिक निरंतर सेवा की है उन्हें अपनी-वास्तविक आयु में से सेवा की इस अवधि को घटाने की अनुमति दी जाएगी और यदि यह आयु अभ्यर्थी द्वारा आवेदित पद/सेवा के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक नहीं होती है तो यह माना जाएगा कि वह आयु सीमा की शर्तों को पूरा करता है/करती है।

4.4. **आयु में समस्त संभावित छूटों को मिला कर अधिकतम ऊपरी आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

उपरोक्त सभी लाभ कंपनी की लागू और समय-समय पर संशोधित नीति के अधीन होंगे।

## 5. चयन प्रक्रिया एवं आवेदन कैसे करें

5.1 वर्ष 2021 के दौरान गेल, केमिकल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन के क्षेत्रों में कार्यपालक प्रशिक्षुओं की भर्ती हेतु **ग्रेज्युएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग-2021 के अंकों (GATE-2021-अंक)** का उपयोग करेगा ।

5.2 केवल वे अभ्यरर्थी ही गेल में कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं जिन्होंने गेट-2021 के लिए पहले ही पंजीकरण किया है तथा जो नीचे दी गई तालिका -3 में दिए गए विवरण के अनुसार निम्नलिखित प्रासंगिक गेट परीक्षा पत्रों में से एक में आयोजन संस्थान द्वारा अधिसूचित निर्देश और समयसीमा के अनुसार गेट-2021 में उपस्थित होंगे :

**तालिका-3**

| क्र.सं. | पद/क्षेत्र | गेट पेपर | कोड |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यपालक प्रशिक्षु (केमिकल) | केमिकल इंजीनियरिंग | सीएच |
| 2 | कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) | इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग | आईएन |

उपर्युक्त विज्ञापित प्रत्येक 02 क्षेत्रों/शाखाओं के समकक्ष क्षेत्र/शाखाओं की सूची तालिका-4 में नीचे दी गई है:

**तालिका-4**

| गेल क्षेत्र | गेल क्षेत्र के समक्ष समकक्ष इंजीनियरिंग के क्षेत्र/शाखाएं जिन पर विचार किया जाएगा | अभ्यर्थी द्वारा तदनुरूप गेट-2021 में उपस्थित होना | तदनुरूप गेट-2021 पेपर का कोड |
|---|---|---|---|
| केमिकल | 1. केमिकल<br>2. पेट्रोकेमिकल<br>3. केमिकल टेकनोलॉजी<br>4. पेट्रोकेमिकल टेकनोलॉजी | केमिकल इंजीनियरिंग | सीएच |
| इंस्ट्रूमेंटेशन | 1. इंस्ट्रूमेंटेशन<br>2. इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल<br>3. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन<br>4. इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन<br>5. इलेक्ट्रॉनिक्स<br>6. इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स | इंट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग | आईएन |

**कृपया ध्यान दें कि जिन अभ्यर्थियों के पास ऊपर विनिर्दिष्ट शाखा/क्षेत्र से अलग अन्य इंजीनियरिंग की डिग्री है वे आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं ।**

5.3 गेट 2021 स्कोर तथा अपेक्षा के आधार पर उपर्युक्त विषयों में अभ्यर्थियों को कार्यपालक प्रशिक्षु के पद हेतु सामूहिक विचार विमर्श / अथवा व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा ।

**कृपया नोट करें कि इस भर्ती कार्यक्रम के लिए केवल गेट-2021 स्कोर ही वैध हैं। वर्ष 2020 अथवा उससे पहले के गेट स्कोर वैध नहीं हैं।**

5.4 जिन अभ्यर्थियों ने गेट-2021 के लिए पंजीकरण किया है, उन्हें इसके सक्रियण पर गेट की आधिकारिक वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा। पंजीकरण संख्या के साथ गेट-2021 एडमिट कार्ड की प्राप्ति / डाउनलोडिंग पर अभ्यर्थियों को गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के "कॅरियर" खंड पर गेट-2021 की पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए अलग से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस प्रयोजन के लिए संबंधित लिंक हमारी वेबसाइट www.gailonline.com के "कॅरियर" खंड में उपलब्ध कराया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि वैध गेट-2021 पंजीकरण संख्या के बिना आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

5.5 कृपया सुनिश्चित करें कि आपके गेट-2021 एडमिट कार्ड पर उल्लिखित गेट-2021 पंजीकरण संख्या ऑनलाइन आवेदन में सही ढंग से दर्ज की जाए। आपके **गेट-2021 एडमिट** कार्ड के अनुरूप ही नाम भरा जाए। अभ्यर्थी द्वारा एक बार आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत होने के बाद ऑनलाइन आवेदन में दर्ज किए गए किसी भी डेटा / विवरण में परिवर्तन करने के संबंध में कोई अनुरोध मान्य नहीं होगा।

5.6 अभ्यर्थियों को **गेल की वेबसाइट <u>www.gailonline.com</u> के माध्यम से गेट-2021** की पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए केवल **ऑनलाइन आवेदन** करना होगा। संबंधित लिंक **दिनांक 15.02.2021 को 1100 बजे से दिनंक 16.03.2021 को 1800 बजे** तक उपलब्ध कराया जाएगा।

5.7 अभ्यर्थी केवल एक पद / क्षेत्र के लिए आवेदन कर सकता है। एक से अधिक पद / क्षेत्र के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

5.8 अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने के बाद, सिस्टम द्वारा एक विशिष्ट पंजीकरण संख्या जनरेट की जाएगी और सिस्टम में एक संदेश प्रदर्शित किया जाएगा कि ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा कर दिया गया है और अभ्यर्थी के पास विशिष्ट पंजीकरण संख्या का एक ऑटो जनरेट किया गया ईमेल प्राप्त होगा जिसमें सूचित किया जाएगा कि उसका आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया है।

5.9 ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, अभ्यर्थी को विशिष्ट पंजीकरण संख्या सहित सिस्टम द्वारा जनरेट किया गय आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेना होगा। अभ्यर्थी को आवेदन में प्रदान की गई जगह में अपने हाल के पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ को लगाना होगा और निर्देशों के अनुसार अपना हस्ताक्षर करना होगा और इसे सुरक्षित रूप से अपने पास रखना होगा। सामूहिक विचार-विमर्श और / या साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को सामूहिक विचार-विमर्श और / या साक्षात्कार के समय यही आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट गेल (इंडिया) लिमिटेड के किसी भी कार्यालय में नहीं भेजना होगा।

5.10 अभ्यर्थी द्वारा प्रयुक्त पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ उसके द्वारा गेट - 2021 आवेदन फॉर्म में प्रयुक्त फोटोग्राफ के जैसा ही हो। यदि अभ्यर्थी को सामूहिक विचार-विमर्श और / अथवा साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है तो उसे **गेट-2021 का मूल परीक्षा प्रवेश पत्र, गेट-2021 आधिकारिक स्कोर कार्ड,** उपर्युक्तानुसार **(बिन्दु सं. 5.9)** ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंट-आउट तथा निम्नानुसार अन्य संबंधित दस्तावेज़ (मूल एवं स्व-प्रमाणित प्रति का एक सेट दोनों) प्रस्तुत करने होंगे:

(i) जन्म तिथि के साक्ष्य से संबंधित दस्तावेज।

(ii) परिवर्तन दस्तावेज सहित योग्यताओं के संबंध में सभी प्रमाणपत्र/प्रशंसा पत्र (मैट्रिक से प्रारंभ करते हुए सभी सेमेस्टरों/वर्षानुसार अंक पत्र, डिग्री एवं डिप्लोमा प्रमाण पत्र) ।

(iii) अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरे गए अनुभव के पक्ष में नियोक्ता द्वारा जारी किया गया पूर्ण एवं उचित प्रमाण पत्र / दस्तावेज ।

(iv)(क) पीडब्ल्यूबीडी के लिए लागू आरक्षण / रियायतों के लाभ का दावा करने के लिए, अभ्यर्थियों को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा निर्धारित अधिसूचना सं.जी.एस.आर 2(ई) दिनांक 30.12.2009 के अनुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ख) अजा / अजजा श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को अपने दावे के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।

(ग) ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को आरक्षण के उद्देश्य से भारत सरकार / केंद्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अंतर्गत पदों में नियुक्ति हेतु, जैसा कि डीओपीटी ज्ञापन सं. 36036/2/2013-एस्ट. (आरईएस) दिनांक 30-05-2014 में निहित है, निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विज्ञापन के वर्ष में जारी किया गया अपना **नवीनतम** जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र में उल्लिखित जाति एवं समुदाय का नाम अनिवार्य रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में शामिल होना चाहिए । यदि अभ्यर्थी भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी **नवीनतम** प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल होते हैं तो उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा । इसके अलावा ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में भाग लेते समय, यदि उन्हें बुलाया जाता है तो, एक स्व-वचनबद्ध पत्र देना होगा जिसमें उन्हें यह सूचित करना होगा कि वे ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के अभ्यर्थी हैं ।

(घ) ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण वाले अभ्यर्थियों को सामूहिक विचार-विमर्श और / या साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी एक आय और संपत्ति प्रमाणपत्र, प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रारूप और सक्षम प्राधिकारी का विवरण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के ज्ञापन सं.36039/1/2019-एस्ट. (आरईएस) दिनांक 31.01.2019 में दिया गया है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र गेल में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि पर मान्य होना चाहिए (प्रमाण पत्र जारी होने की तिथि से एक वर्ष के लिए वैध होगा)।

(ङ) एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल), ईडब्ल्यूएस एवं पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र का निर्धारित प्रारूप गेल की वेबसाइट <u>www.gailonline.com</u> के **"कैरियर"** खंड से डाउनलोड किया जा सकता है ।

(च) भूतपूर्व सैनिक प्रमाण (भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों के मामले में) ।

(v) अभ्यर्थी के केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग, केंद्र / राज्य पीएसयू अथवा अर्धशासकीय संगठन में एक नियमित कर्मचारी के रूप में या फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट (एफटीई) के अंतर्गत नियोजित होने के मामले में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाणपत्र/ अग्रेषण पत्र ।

किसी अभ्यर्थी द्वारा सामूहिक विचार-विमर्श और/या साक्षात्कार के समय उपर्युक्त दस्तावेज़ प्रस्तुत ना करने की स्थिति में ऐसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा ।

## 6 महत्वपूर्ण तारीखें

| गेल में आवेदन हेतु (गेट-2021) | | |
|---|---|---|
| 1 | गेट-2021 पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए गेल की वेबसाइट का ओपन होना | **15.02.2021** को **1100** बजे **से** |
| 2 | गेल में अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | **16.03.2021** को **1800** बजे **तक** |

गेट (GATE)-2021 के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी http://gate.iitb.ac.in पर या आईआईएससी, बेंगलुरु और आईआईटी (मुम्बई, दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास और रुड़की) की वेबसाइट देखें ।

अभ्यर्थी गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के "कॅरियर" खंड पर उपलब्ध "प्राय: पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)" देख सकते हैं । एफएक्यू में किसी प्रश्न के सम्मिलित न होने की स्थिति में, अभ्यर्थी गेल के career@gail.co.in को लिख सकते हैं।

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया दिनांक 15.02.2021 को 1100 बजे से लेकर 16.03.2021 को 1800 बजे तक गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के "कॅरियर" खंड को देखें ।

उपर्युक्त विज्ञापन में किसी संशोधन, स्पष्टीकरण, अनुशेष, शुद्धिपत्र, समय विस्तार आदि केवल गेल की वेबसाइट: www.gailonline.com के "कॅरियर" खंड पर होस्ट किए जाएंगे तथा प्रेस में कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अपडेटेड रखने के लिए वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

**इस विज्ञापन के हिन्दी रुपांतरण में निहित किसी भी शर्त की किसी व्याख्या के संबंध में कोई संदेह/अस्पष्टता होने की स्थिति में विज्ञापन का अंग्रेजी पाठ मान्य होगा ।**

विज्ञापन सं.:गेल/ **ओपन** /ईटी/1ए /2020